डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

06 जनवरी 2025

सोमवार

आपकी आवाज




मुख्यमंत्री नीतीश ने मुजफ्फरपुर को दी 76 योजनाओं की सौगात

2



## देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध न हों: उपराष्ट्रपति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें। आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी।



उन्होंने कहा कि आप देश के बेहतरीन युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनसीसी में आपकी सदस्यता एक अत्यधिक अनुशासित बल के तौर पर आपको उन गुणों को आत्मसात करने में सक्षम बनाती है जो मानव विकास के लिए आवश्यक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच प्रमुख स्तंभों पर टिकी है। इसमें सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। सामाजिक सद्भाव विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलता है इसकी आज के समय में आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों को पोषित करना हमारे पारिवारिक प्रबोधन का हिस्सा होना चाहिए।

### देश में तेजी से बढ़ रहे युवाओं के लिए अवसर

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम राष्ट्रीय आशावाद के दौर में जी रहे हैं, क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्वीकार किए जाने के कारण युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। यह बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के माध्यम से हासिल किया गया है। जो हर युवा को अपनी क्षमता और प्रतिभा का एहसास कराने में सक्षम बनाता है। शासन ने सभी क्षेत्रों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को योग्यता आधारित तंत्र में बदलते हुए बहुत जरूरी पहल की है।

### मातृभूमि के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ व अडिग होना चाहिए

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी का परम कर्तव्य होना चाहिए। पर्यावरण से जिंदगी है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। नागरिक कर्तव्य प्रत्येक नागरिक को प्रगति का पथ प्रदर्शक बनाते हैं। ये पंच प्राण हमारी संस्कृति में रच-बसकर, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, पारंपरिक मूल्यों और एकता की ओर यात्रा को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ये पांच मूल्य जिम्मेदारी और चेतना के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्रवादी भावना का निर्माण करेंगे। इनका प्रतिदिन अभ्यास करें और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ सतर्क रहें। मातृभूमि के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ और अडिग होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे अस्तित्व का आधार है। चुनौतियां इसलिए पैदा होती हैं क्योंकि राष्ट्र पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर प्रशंसित वृद्धि देख रहा है। जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है और हर नागरिक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

---

## खबरें फटाफट

### सिंधु घाटी लिपि को पढ़नेवाले को मिलेगा 10 लाख डॉलर



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को घोषणा की कि सिंधु घाटी लिपि एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है और इसे पढ़ने वाले को 10 लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। सिंधु सभ्यता की खोज के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम अब भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि इसे समझने का विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के मद्देनजर इस लिपि की पहेली को सुलझाने वाले व्यक्तियों या संगठनों को 10 लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। सिंधु लिपि, जिसे हड़प्पा लिपि और सिंधु घाटी लिपि के नाम से भी जाना जाता है, सिंधु घाटी सभ्यता द्वारा निर्मित प्रतीकों का एक संग्रह है। इन प्रतीकों वाले अधिकांश शिलालेख बेहद छोटे हैं, जिनमें से किसी की भी पहचान नहीं की जा सकी है। लिपि को समझने में मदद करने के लिए कोई ज्ञात द्विभाषी शिलालेख नहीं है, जो समय के साथ कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं दिखाता है।

### पीएम मोदी ने दिल्ली में 12,200 करोड़ रु. की योजनाओं का किया शिलान्यास

# दिल्ली को मिली नमो भारत की सौगात

# अब 40 मिनट में पहुंचेंगे दिल्ली से मेरठ

- पीएम मोदी ने नमो भारत कॉरिडोर के तहत दिल्ली के न्यू अशोक नगर से यूपी के साहिबाबाद तक के खंड का किया उद्घाटन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली को नमो भारत कॉरिडोर के साथ-साथ कुल 12,200 करोड़ रुपये की योजनाओं की बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने रविवार को नमो भारत कॉरिडोर के तहत दिल्ली के न्यू अशोक नगर से यूपी के साहिबाबाद तक के खंड का उद्घाटन किया। इन दोनों स्टेशनों के बीच इस कॉरिडोर का कुल 13 किलोमीटर का स्ट्रेच है। दिल्ली के न्यू अशोक नगर से चलने वाली नमो भारत ट्रेन का परिचालन रविवार शाम पांच बजे से शुरू हो गया। पीएम मोदी ने जिन अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया है, उसमें जनकपुरी पश्चिम व कृष्णा पार्क के बीच बनकर तैयार हुई मेट्रो का कॉरिडोर भी शामिल है।

नमो भारत कॉरिडोर के इस नए फेज के शुरू होने से अब दिल्ली से मेरठ के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नाय आयाम मिला है। आपको बता दें कि अभी तक साहिबाबाद और मेरठ के बीच पहले से ही 42 किलोमीटर का मार्ग चालू था। 42 किलोमीटर के इस रूट पर कुल 9 स्टेशन पड़ते थे। इस नए फेज के शुरू होने से अब ये पूरा रूट कुल 55 किलोमीटर का हो गया है और इसमें कुल स्टेशन की संख्या 9 से बढ़कर 11 हो गई है। ये ट्रेन प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल पर चलेगी। इस ट्रेन के चलने से दिल्ली से मेरठ तक यात्रा में लगने वाले समय में एक तिहाई की कमी आएगी। अब यात्री महज 40 से 45 मिनट में दिल्ली से मेरठ पहुंच पाएंगे। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज-1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली-मरेठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली-अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज-दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली-एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रु की लागत से किया जाएगा।



### पीएम ने साहिबाबाद स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन का टिकट खरीदा

पीएम मोदी साहिबाबाद स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साहिबाबाद स्टेशन पर मौजूद बच्चों से मिले। पीएम मोदी ने साहिबाबाद स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन का टिकट खरीदा। इसके बाद उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ मेट्रो रेल में दिल्ली के न्यू अशोक नगर तक सफर किया। बच्चों ने पीएम मोदी को गिफ्ट दिए। इस दौरान पीएम मोदी ने बच्चों से बातचीत भी की।



### दिल्ली सरकार किसी आपदा से कम नहीं है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम ने कहा कि देश भाजपा को बार बार अवसर दे रहा है। दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा ही दिल्ली का विकास कर सकती है। आपदा नहीं सहेंगे बदल कर रहेंगे। हम 2025 में हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली सरकार किसी आपदा से कम नहीं है। दिल्ली को आपदा से बचाना है। पीएम मोदी ने कहा कि ये भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है। दिल्ली के भविष्य के लिए ये बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे... बदल के रहेंगे। पीएम ने कहा कि अब दिल्ली विकास की धारा चाहती है और मुझे खुशी है कि दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा पर ये विश्वास इसलिए है, क्योंकि भाजपा सुशासन लाने वाली पार्टी है।

## प्रधानमंत्री मोदी हर बार झूठ बोलकर जाते हैं: केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सियासी दलों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली को करोड़ों की सौगात दी। साथ ही आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। वहीं अब उनके बयान का पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पलटवार किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा, जो लोग आरोप लगाते हैं कि आम आदमी पार्टी लड़ती बहुत है आज जो केंद्र और दिल्ली सरकार ने उद्घटान किया है यह उसका जवाब है। आम आदमी पार्टी केवल दिल्ली वालों के लिए काम करती है। हमारे ऊपर यह जितने मर्जी अत्याचार कर लें लेकिन दिल्ली का विकास रुकना नहीं चाहिए ,हमारे लिए दिल्ली का विकास सबसे ऊपर है।

पूर्व सीएम ने आगे कहा, आज दिल्ली को एनसीआर से जोड़ने वाली आरआरटीएस साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक की मेट्रो लाइन का शुभारंभ हुआ है। आज तीन परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ। ये तीनों प्रोजेक्ट केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार का ज्वाइंट प्रोजेक्ट है और ये प्रोजेक्ट आज बताता है कि दिल्ली सरकार कैसे विकास का काम कर रही है सीवर को हमने पहले भी ठीक किया है और आगे भी करेंगे।



### पीएम मोदी ने किए कई वादे, पर पूरे नहीं हुए

केजरीवाल ने कहा, आज मैंने अपने साथ हुए अत्याचार को मुद्दा बनाया होता तो शायद आज ये आरआरटीएस का शुभारंभ नहीं हुआ होता। एक एक करके हम सबको जेल में डाल दिया, लेकिन हमने दिल्ली के विकास के लिए गिड़गिड़ाया और जब ये नहीं मानें तो हमने कुछ विरोध भी किया। जहां भी इनकी डबल इंजन की सरकार है वहां के काम उठा लें और चेक कर लें कि उनसे कितने ज्यादा काम दिल्ली सरकार ने किया है। आप संयोजक ने कहा, 2020 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लोगों से कई वादे किए लेकिन आज तक वो पूरे नहीं हुए। धारा 81 धारा 33 वापस लेने की बात कही थी लेकिन आज तक वापस नहीं लिया किसानों को इस पर पूछना चाहिए वादे का क्या हुआ। मुझे 29 मिनट की जगह 25 मिनट गाली दे देना और चार मिनट में अपने वादों पर भी जबाब दे देना। आज दिल्ली के लोग बदला लेने के लिए बैठे हैं कि प्रधानमंत्री हर बार झूठ बोलकर जाते हैं।

---

## पोरबंदर में तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत

**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। भारतीय तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर एएलएच ध्रुव रुटीन उड़ान पर था, जिस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में क्रू के सदस्यों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। क्रू के सदस्यों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर पोरबंदर हेलीकॉप्टर पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे हादसे का शिकार हुआ। हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था और हादसा हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त हुआ। लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में आग लग गई। हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत कुल तीन लोग थे। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई।

ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया था। साल 2002 में इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। इस हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत 12 लोग बैठ सकते हैं। इस सैन्य और नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## युवा हित में आगे आएं राहुल-तेजस्वी: प्रशांत

**केटी न्यूज/पटना**

प्रशांत किशोर 2 जनवरी की रात से बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में आमरण अनशन पर बैठे हैं। इस बीच प्रशांत किशोर ने रविवार को कहा कि बिहार में युवाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय को देखते हुए एक मंच बनाया है, जो न्याय की मांग करेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह मंच किसी राजनीतिक दल का नहीं है। छात्र युवाओं और बिहार के भविष्य के लिए छात्रों के आंदोलन के समर्थन में बैठे हैं। उन्होंने राहुल गांधी तेजस्वी यादव और तमाम नेताओं को युवा हित में गांधी मैदान में आमंत्रित किया।

प्रशांत किशोर ने कहा कि अब यह सिर्फ बीपीएससी छात्रों का आंदोलन नहीं रह गया है, बल्कि बिहार की व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन बन गया है। इस व्यवस्था परिवर्तन के आंदोलन का नेतृत्व युवा कर रहे हैं। शनिवार को छात्र संगठनों ने मिलकर एक नया संगठन बनाया है. अलग-अलग राजनीतिक दल से जुड़े छात्र युवा हित और बिहार हित में 51 सदस्यीय युवा सत्याग्रह समिति का गठन किया गया है। प्रशांत किशोर इस मंच का नेतृत्व नहीं कर रहा बल्कि समर्थन कर रहा है। इस मंच पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं का स्वागत है। ये अभियान बिहार के युवाओं का है। बिहार में युवाओं के साथ अन्याय रुकना चाहिए। मंच पर बैठा कोई राजनीतिक नेता नहीं बल्कि युवाओं का नेता है। चाहे हो कांग्रेस के राहुल गांधी हो या राजद के तेजस्वी यादव हो। हमारी आपकी राजनीति चलती रहेगी। आईये और इन युवाओं का समर्थन कीजिए।



## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर

**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर हो गए। वहीं 1 जवान भी शहीद हुआ है। इसकी शुरूआत उस वक्त हुई जब नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर हो गए हैं वहीं 1 जवान भी शहीद हुआ है, चारों के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है इस गोलीबारी में दंतेवाड़ा डीआरजी का जवान सन्नू कारम शहीद हो गया।

जानकारी के अनुसार चार जिलों की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। नक्सलियों के पास से एके 47 और एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक हथियार मिले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के जंगल में नक्सलियों का डेरा है इस सूचना के बाद नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। बताते हैं कि सुरक्षाबल जब क्षेत्र में पहुंचे और नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून लाया जाएगा : सीएम साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लाया जाएगा। अब तक मुकेश हत्याकांड में तीन आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। मामले में एसआईटी का गठन कर जांच की जा रही है। मीडिया से बातचीत में सीएम विष्णु देव साय ने कहा, निश्चित तौर पर हमारी सरकार पत्रकारों के साथ खड़ी है। हम पत्रकार सुरक्षा कानून लाएंगे लेकिन सरकार ने जिस तेजी से काम किया है, वह प्रदेश और देश जानता है।

---

### प्रयागराज में 13 जनवरी से लगनेवाले महाकुंभ में बनने वाले हैं कई विश्व रिकॉर्ड

## नेत्र कुंभ में बांटे जाएंगे 3 लाख चश्मे, 5 लाख आंखों की होगी जांच

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

महाकुंभ 2025 में कई संभावित विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहे हैं, जिसमें एक ही कार्यक्रम में सबसे अधिक चश्मे बांटने और आंखों की जांच करने का रिकॉर्ड भी शामिल है। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने नेत्र कुंभ की पहल की प्रशंसा की। स्वामी ने कहा, नेत्र कुंभ प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भक्तों को मुफ्त नेत्र जांच प्रदान करने के लिए आयोजित एक पहल है। भारतीय संस्कृति की मुख्य अभिव्यक्ति सेवा ही है। आंख सबसे संवेदनशील अंग है, हम इससे पूरी दुनिया और खुद को देख सकते हैं। क्षमता के अनुसार नेत्र कुंभ कार्यक्रम पूरी तरह से स्वागत योग्य है।



पिछली बार लगभग 1 लाख चश्मे बांटे गए थे और इस बार भी चश्मे बांटे जाएंगे। नेत्र कुंभ के आयोजन समिति में शामिल डॉ रंजन बाजपेयी ने बताया कि नेत्र कुंभ में भाग लेने वालों की संख्या पिछली बार से दोगुनी है, जिसमें 3 लाख चश्मे बांटने और 5 लाख आंखों की जांच करने की योजना है। डॉ. बाजपेयी ने मीडिया को बताया, ह्लपिछले नेत्र कुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आंखों की जांच की गई थी। इस बार इसमें भाग लेने वालों की संख्या दोगुनी हो गई है। इस बार तीन लाख चश्मे और पांच लाख ओपीडी का लक्ष्य है। एक दिन में 10 हजार ओपीडी का लक्ष्य है। इसके लिए बड़े स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल कराने का प्रयास:** डॉ रंजन बाजपेयी ने आगे बताया, ह्यइसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज के हाथों होगा, जबकि गौरांग प्रभु जी महाराज विशिष्ट अतिथि होंगे और संघ के सहकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल जी मुख्य वक्ता होंगे। नेत्र कुंभ को पहले ही लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया जा चुका है, इस साल इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**10 एकड़ में बना नेत्र कुंभ:** भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे राजेश कुमार सिंह ने बुनियादी ढांचे के बारे में विस्तार से बताया। ह्लनेत्र कुंभ करीब 10 एकड़ में बनाया गया है। इसमें कुल 11 हैंगर बनाए गए हैं। पिछली बार सिर्फ 5 हैंगर थे। यहां व्यवस्थित तरीके से आंखों की जांच की जाएगी। एक बड़ा हैंगर बनाया गया है, जहां सभी श्रद्धालु एकत्र होंगे। इसके बाद उन्हें दो अलग-अलग ओपीडी चैंबर में भेजा जाएगा, जहां वे अपना पंजीकरण करवाकर डॉक्टरों से परामर्श ले सकेंगे।

## वक्फ की संपत्तियां सरकारी होनी चाहिए, महाकुंभ को लेकर कोई राजनीति नहीं हो रही है: ऋतंभरा

**एजेंसी/प्रयागराज**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने दावा किया है कि महाकुंभ के लिए वक्फ की 55 बीघा जमीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि प्रयागराज के मुसलमानों ने वक्फ की जमीन पर मेले की अनुमति देकर बड़ा दिल दिखाया है और हिंदुओं को भी मुसलमानों को इस आयोजन में प्रवेश की अनुमति देकर इसका बदला चुकाना चाहिए। उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की तरफ से गैर-हिंदुओं को कुंभ में प्रवेश करने से रोकने के आह्वान की निंदा की। वहीं मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के इस बयान पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि, जिन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा, वे वक्फ की साजिश के तहत भारत की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, इस साजिश को रोका जाना चाहिए। वक्फ की सारी संपत्तियां सरकारी होनी चाहिए। महाकुंभ को लेकर कोई राजनीति नहीं हो रही है, यह धर्म और पुण्य पाने का स्थान है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने इस मामले में कहा कि, 'सच्चाई यह है कि प्रयागराज कुंभ बहुत प्राचीन है। तब इस्लाम का अस्तित्व ही नहीं था,उन्हें कुंभ का इतिहास नहीं पता। इसीलिए वह कह रहे हैं कि यह वक्फ की जमीन पर हो रहा है, यह सच नहीं है।



# मुख्यमंत्री नीतीश ने मुजफ्फरपुर को दी 76 योजनाओं की सौगात

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

सीएम नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर जिले को 45140.12 लाख (451 करोड़ 40 लाख) रुपये की सौगात दी है। 76 योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन, शिलान्यास एवं कायारंभ किया। इनमें 9405.46 लाख रुपये की लागत से 51 योजनाओं का उद्घाटन, 24590.31 लाख रुपये की लागत से 23 योजनाओं का शिलान्यास एवं 11144.35 लाख रुपये की लागत से 2 योजनाओं का कायारंभ शामिल है। वहीं इस यात्रा के दौरान सीएम ने फिर स्पष्ट कर दिया है कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में ही रहेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के ऑफर का भी संदेश के जरिए जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि हम दो बार गलती से उनलोगों के साथ चले गये थे लेकिन अब उनको छोड़कर इधर आ गये हैं। अब पुराने साथियों के साथ ही है। महिलाओं के लिए भी कोई काम नहीं किया। 2005 के बाद हमलोगों ने काफी काम किया। सबके विकास के लिए काम किया। हमलोगों ने हिन्दू-मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा, दलित-महादलित समेत सभी वर्गों के काम किया। **लालू राबड़ी राज की दिलाई याद:** सीएम नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी सभी जानते हैं। शाम में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। उनलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। जबसे हमलोगों की सरकार आयी महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किए गए। जिसके फलस्वरुप आज काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूह का गठन किया उसे नाम दिया जीविका। जीविका समूह से जुड़नेवाली महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। आप देख रहे हैं जीविका दीदियां कितना अच्छा काम कर रही हैं। बिहार में जीविका अच्छा काम करने लगी तो उस समय की केंद्र सरकार ने इसकी सराहना की और उसी की तर्ज पर आजीविका नाम देकर पूरे देश में इसे चलाया। जीविका दीदियों को जिन चीजों की जरुरत होती है हमलोग उसे पूरा करते है। जीविका दीदियों को हमलोग आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। ताकि वह अपने आप को आर्थिक रूप से मजबूत करें। उन्हें किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़े। आने वाले समय में जीविका को और मजबूत किया जाएगा। बता दें कि यह सब बातें सीएम नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में प्रगति यात्रा के दौरान कही।



**बोले तेजस्वी... सीएम की दुर्गति यात्रा में अधिकारियों को लूट की छूट**

**मोतिहारी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव संवाद यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने मोतिहारी में नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 20 साल में जितना काम नहीं किया है। उससे ज्यादा काम हमने 17 महीने की सरकार में किया। मैंने आईटी, स्पोर्ट्स के क्षेत्र में काम किया है। हमारी सरकार में टोला सेवक से लेकर तालिमी मरकज हो या विकास मित्र सबका वेतन बढ़ाया। इन लोगों ने जो सोचा नहीं था वो काम हमारी सरकार ने किया हमने टूरिज्म पॉलिसी बनाने काम किया। शिक्षकों को समान काम के बदले समान वेतन दिलाया। तेजस्वी ने कहा कि हमारी 17 महीने की सरकार ने पांच लाख सरकारी नौकरी देने का काम किया। खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम किया। हमारी 17 महीने की सरकार में लोगों के चेहरे पर खुशी थी। आज बिहार में लाठी-डंडे की सरकार है। नौजवान निराश हैं। रोज पेपर लीक मामला आता है। निर्दोष छात्रों को बेरहमी से पीटा जा रहा है। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हैं वहीं सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जो प्रगति यात्रा पर निकले हैं। यह अधिकारियों को लूट की छूट यात्रा है। बिहार में अधिकारी लूट रहे है और मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनकर सबकुछ देख रहे हैं। यह मुख्यमंत्री के यह प्रगति यात्रा नहीं बल्कि बिहार की दुर्गति यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हैं। ना किसी से संवाद करते है ना किसी अधिकारी से बात करते है। हर एक महत्वपूर्ण मुद्दा पर चुप्पी लगाए है। छात्रों को लाठी डंडे से पीटा जा रहा है लेकिन यह नौजवानों का खोज खबर नहीं रखते हैं।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सीएम नीतीश

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी के जयंती समोरह का आयोजन पटना के एसके मेमोरियल हॉल में किया गया है। सीएम नीतीश कुमार भी यहां पहुंचे और स्व० सुशील कुमार मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सुशील मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, सीएम नीतीश कुमार और भाजपा के वरीय नेताओं के सामने ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी को भारत रत्न देने की मांग उठने लगी है।

# केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी ने तेजस्वी और प्रशांत किशोर पर जमकर साधा निशाना

**केटी न्यूज/दरभंगा**

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने तेजस्वी यादव के द्वारा भाजपा के बी टीम प्रशांत किशोर को बताने पर कहा कि वह इसके स्पेशलिस्ट हैं क्या। वह क्या बोलते हैं, पता नहीं चलता। आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के अगुवाई में सरकार बनने जा रही है। तेजस्वी यादव बार-बार नीतीश कुमार के आने और नहीं आने की बात पर उन्होंने कहा कि कोई बिहारी आदमी बरगद का पेड़ छोड़कर खजूर के पेड़ के पास नहीं जाता है। नीतीश कुमार अब कहीं जाने वाले नहीं हैं। तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा को दुर्गति यात्रा बताने पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लगभग 20 साल से मुख्यमंत्री हैं और पहले भी



राजा अपनी जनता का हाल लेने के लिए भेष बदलकर घूमते थे।

**प्रशांत को अनशन खत्म करना चाहिए:** जीतन राम मांझी ने प्रशांत किशोर के द्वारा गांधी मैदान में अनशन के सवाल पर कहा कि जिस मुद्दे को लेकर वह अनशन कर रहे हैं, परीक्षार्थियों की परीक्षा सही ढंग से संपन्न हो गयी। उनकी मांग थी कि पूरी परीक्षा को रद्द किया जाए, लेकिन हम कहना चाहते हैं कि 912 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई थी, जिसमें 911 परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई और एक परीक्षा केंद्र, जहां गड़बड़ी की संभावना लग रही थी, ऐसी स्थिति में प्रशांत किशोर को अपना अनशन खत्म कर लेना चाहिए।

**शिक्षा व्यवस्था पर बोले:** मांझी ने बिहार के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी स्कूल के शिक्षकों को हर प्रकार की सुविधा और सम्मानजनक वेतन सरकार दे रही है। बावजूद इसके वे सही ढंग से बच्चों को शिक्षा नहीं दे रहे हैं। इसी का नतीजा है कि निजी स्कूलों में गरीब हो या अमीर सभी के बच्चे पढ़ने जा रहे हैं। सभी लोग जानते हैं कि निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों की तरह शिक्षकों को वेतन नहीं मिलता है, फिर भी निजी स्कूल के शिक्षक अच्छी शिक्षा देते हैं। इन शिक्षकों की तरह ही सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को भी बच्चों को सही ढंग से पढ़ाने की आवश्यकता है।




## डॉ शीला कुमारी डीएमसीएच की बनीं अधीक्षक

**दरभंगा।** स्वास्थ्य विभाग ने डीएमसीएच में नए अस्पताल अधीक्षक और डीएमसी में नए प्राचार्य की तैनाती की गई है। डीएमसीएच की नई अधीक्षक डॉ शीला कुमारी को बनाया गया है। वहीं डीएमसी के नए प्राचार्य पद पर डॉ अलका झा को तैनात किया गया है। डीएमसी के प्रिंसिपल डॉ केएन मिश्रा 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो गए थे। जबकि डीएमसीएच के अधीक्षक डॉ अलका झा को वरीयता के आधार पर अधीक्षक से प्रिंसिपल बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के नोटिफिकेशन जारी होने के बाद प्रभार दिया गया है।

# वैशाली की सांसद वीणा देवी को जान से मारने की मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/पटना**

वैशाली की सांसद वीणा देवी को जान से मारने की धमकी मिली है। रविवार की दोपहर अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया था। इस संबंध में सांसद वीणा देवी का कहना है कि उनके नंबर पर कई बार कॉल आया। जब उन्होंने कॉल रिसीव किया तब फोन करने वाले ने उधर से अपशब्द बोलते हुए उन्हें धमकी दी। वीणा देवी ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके मोबाइल नंबर 9162065579 पर मोबाइल नंबर 8539019720 से अज्ञात लोगों ने कई बार फोन किया है। बार-बार कॉल पर आने पर



सांसद ने जब कॉल रिसीव किया तो कॉल करने वाले अपशब्द बोलते हुए उन्हें धमकी दी। पुलिस कॉल करने वाले नंबर की सीडीआर और लोकेशन के आधार पर छानबीन कर रही है। सांसद वीणा देवी ने पुलिस को बताया है कि रविवार को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से बार-बार कॉल आ रहा था। कई बार उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। लेकिन लगातार रिंग होने पर उन्होंने कॉल रिसीव किया। कॉल रिसीव करने वह गाली गलौज करते हुए उन्हें गोली मारकर जान मारने की धमकी दी। इसके बाद फोन काट दिया। धमकी भरी कॉल आने के बाद सांसद ने वरीय पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और शाम में सदर थाने में आवेदन देकर पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस महकमे में अलर्ट हो गया। वरीय अधिकारी सांसद के आवास पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मी और बॉडीगार्ड को चौकन्ना कर दिया गया है।




# इस विधानसभा चुनाव में एक भी विपक्ष उम्मीदवार को जीतने नहीं दूंगा : नित्यानंद

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में वैशाली जिले के सभी 8 सीट एनडीए ही चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को वैशाली जिले में विधानसभा 2025 के चुनाव में एक सीट भी नहीं मिलने वाली है। दरअसल केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय वैशाली जिले में पार्टी जिला अध्यक्ष की चुनाव में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि एक यही भारतीय जनता पार्टी है, जिस पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद प्रखंड अध्यक्ष से भी संवाद करते हैं और अध्यक्ष के बूथ अध्यक्ष भी नमो ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डायरेक्ट संवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए वैशाली जिले के सभी आठ सीटें चुनाव जीतेगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मैं विपक्षी दलों को कहना चाहता हूं कि



बिहार विधानसभा चुनाव में वैशाली जिले में आपको एक भी सीट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि विजय की संकल्प के साथ हम सभी लोग यहां से चुनाव की शुरुआत करने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व अपनी तैयारी शुरू कर दें। हर बूथ स्तर को मजबूत किया जाए। ताकि जनता के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत बन सके। हर सीट पर बीजेपी समर्थित उम्मीदवार जीते।

## मोतिहारी में फर्जी 14 शिक्षकों पर केस दर्ज

**मोतिहारी।** बिहार सरकार और शिक्षा विभाग ने युवाओं को नौकरी देने के लिए पिटारा तो खोल दिया। लेकिन, इसी नौकरी की चाहत में कई लोग फजीर्वाड़ा कर रहे हैं। कई लोग फर्जी अंक प्रमाण पत्र बनवा कर नौकरी करते पाये गये। शिक्षा विभाग ने फर्जी शिक्षकों पर अंकुश लगाने के लिए सभी शिक्षकों के कागजातों की जांच निगरानी विभाग को दे दिया है। जब निगरानी विभाग ने बिहार टीईटी अंक प्रमाण पत्रों की जांच की तो कई शिक्षक फर्जी पाए गए। बीते साल 2024 में भी निगरानी की टीम ने मोतिहारी के अलग अलग थानों 24 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाया था और अभी नए साल के शुरूआत में ही निगरानी विभाग ने मोतिहारी के सात अलग अलग थानों में 14 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी**

# ठंड के कारण पटना सहित कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। पटना जिला प्रशासन ने आगामी 11 जनवरी तक के लिए 8वीं तक से सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है। वही जमुई और भोजपुर जिले में भी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। कपकपाती ठंड को देखते हुए जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा ने पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद किया है। मिशन दक्ष एवं बोर्ड परीक्षा के लिए संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश दिनांक-06.01.2025 से लागू होगा एवं दिनांक-11.01.2025 तक प्रभावी रहेगा।



वही भोजपुर डीएम ने भी जिले में अत्यधिक ठंड को देखते हुए एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिनांक 6.01.2025 से दिनांक 9.01.2015 तक जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों( आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं प्री-स्कूल सहित) में कक्षा-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। बढ़ते ठंड को देखते हुए राजधानी पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने आगामी 11 जनवरी तक 8वीं तक की सभी कक्षाएं बंद रखने का निर्देश दिया है। ठंड को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, पटना जिला के सभी निजी, सरकारी स्कूलों में 8वीं क्लास तक की सभी कक्षाएं बंद रहेंगी। 6 जनवरी से 11 जनवरी तक के लिए यह आदेश जारी किया गया है। वहीं 8वीं कक्षा से ऊप के क्लास सुबह 9 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित किए जाएंगे। वहीं बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी। यह आदेश 11 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा। पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। डीएम डॉ० चन्द्रशेखर सिंह ने सभी निजी सरकारी विद्यालयों में वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्वाहन 09.00 बजे से अपराह्न 03.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

# विडंबना: कैसे मिलेगी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतिनियुक्ति पर हैं जिले के सैकड़ों शिक्षक

- अनुमंडल, प्रखंड व अंचल कार्यालय में कई शिक्षकों ने करायी है अपनी प्रतिनियुक्ति
- दर्जनों शिक्षक 10 साल से प्रतिनियुक्ति की आड़ में बन बैठे हैं मठाधीश






**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य सरकार और शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की बात करते हैं। वहीं, पहले से ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी झेल रहे बच्चे, अब प्रतिनियुक्ति का भी दंश झेल रहे हैं। क्योंकि, जिले के विभिन्न विद्यालयों के 100 से भी अधिक शिक्षक अपनी प्रतिनियुक्ति किसी सरकारी या राजस्व कार्यालय में करा कर, स्वयं को शैक्षणिक कार्यों से दूर कर लिया है। जिसका हरजाना इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। अपनी पहुंच व पैरवी के बल पर ये शिक्षक जिले के सभी सरकारी कार्यालय मसलन अनुमंडल, प्रखंड व अंचल कार्यालय में प्रतिनियुक्ति करा कर अन्य कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। जिससे न केवल विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से भी खेला जा रहा है।

**कई विभागों के कार्यालयों में भी प्रतिनियुक्ति पर हैं कई शिक्षक :** नाम न लिखने की शर्त पर एक शिक्षक ने बताया कि बक्सर व डुमरांव अनुमंडल कार्यालय के अलावा शिक्षक प्रखंड व अंचल जैसे कार्यालयों में अपनी प्रतिनियुक्ति कर सालों से वहां जमा है। कई शिक्षक तो प्रतिनियुक्ति अवधि 10 से 12 की हो चुकी है। शिक्षा विभाग की सख्ती पर महज एक सप्ताह के लिए प्रतिनियुक्ति टूटती है और पुनः प्रतिनियुक्ति शुरू हो जाती है। जिसके कारण उक्त शिक्षक प्रतिनियुक्ति स्थल के मठाधीश बन गए हैं। हालात यह हो चुके हैं कि उन शिक्षकों को शिक्षक नहीं उक्त कार्यालय के कर्मचारी मानते हैं। वहीं, ऐसे शिक्षकों का हाल यह हो चुका है कि अब वो पढ़ाना भी भुल चुके हैं। अभी हाल ही में सदर एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा के कार्यालय में एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति चुनाव कार्य के लिए की गई है। उक्त शिक्षक अपनी नियुक्ति से लेकर अब तक एक भी बार चुनाव ड्यूटी में नहीं लगे हैं।

**माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किया था निर्देश :** वर्ष 2023 में माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने प्रतिनियुक्ति का खेल रोकने के लिए आदेश दिए थे। जिसमें उन्होंने अपने मूल विद्यालय या कार्यालय से इतर शिक्षकों या कर्मचारियों के प्रतिनियोजन पर सख्ती के साथ रोक लगा दी थी। उन्होंने सख्ती के साथ निर्देश दिया था कि अगर कोई शिक्षक और कर्मचारी पहले से कहीं प्रतिनियुक्ति हैं तो उसे भी अपने मूल विद्यालय या कार्यालय अनिवार्य रूप से लौटना होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशकों को दिए निर्देश में स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षकों के प्रतिनियोजन, पदस्थापन या स्थानांतरण पर तत्काल पूरी तरह रोक लगी रहेगी। इस प्रकार शिक्षा विभाग के किसी कर्मचारी से विभाग के ही किसी दूसरे कार्यालय में काम नहीं लिया जा सकेगा।

**नियमित अवधि के लिए ही की जाती है शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति**

"किसी भी शिक्षक की प्रतिनियुक्ति प्रशासनिक विभाग की मांग के अनुसार की जाती है। जो एक नियमित अवधि के लिए की जाती है। कार्य पूरा होने के बाद प्रतिनियुक्ति स्थल/कार्यालय उन्हें मुक्त कर सकता है। फिलवक्त भी अनुमंडल व अन्य कार्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, लंबे अवधि से प्रतिनियुक्ति पर गए शिक्षकों की खास जानकारी नहीं है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।

– विष्णुकांत राज, डीपीओ स्थापना, शिक्षा विभाग, बक्सर

## खबरें फटाफट

### पूर्व मुखिया का निधन, शोक की लहर



**सिमरी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजपुर कला पंचायत के पूर्व मुखिया मीरा देवी का असामयिक निधन हो गया। जिसके बाद पूरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गयी। पूर्व मुखिया मीरा देवी पटना के वेदांत अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की रात्रि में अंतिम सांस ली रविवार को अहले सुबह पैतृक गांव में पार्थिव शरीर को लाया गया। जहां वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मीरा देवी नेक दिल महिला के साथ माता के समान थी।

### ठंड से बचाव के लिए आलू की सिंचाई जरूरी

**केसठ।** कृषि विभाग ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि जनवरी माह में अधिक ठंड की आशंका होने के कारण आलू की फसल में सिंचाई कर देनी चाहिए, जमीन भीगी रहने पर पाले का असर कम हो जाता है। पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण ठंड में इजाफा लगातार बना हुआ है। तापमान गिरने से लोगों को आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड की उम्मीद है। वहीं अभी तक प्रखंड प्रशासन के द्वारा ठंड और शीतलहर को देखते हुए भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है।

## खुलासा: जिले में चकबंदी को लेकर चल रहा है बड़ा रैकेट, आमजन इससे हैं अनजान

# चकबंदी की रिपोर्ट को सदर एसडीएम ने किया था दरकिनार, दिया अपना फैसला

**केटी न्यूज/बक्सर**








जिले में चकबंदी से अधिकत्तर रैयत त्रस्त होते जा रहे है। इसका सहारा लेकर जमीन के दलाल रैयतों को किसी ने किसी परेशानी में फंसा दें रहे है। मजबूरीवश रैयत आनन-फानन में कौड़ियों के भाव से अपनी जमीन बेच दे रहे हैं या जमीन के तथाकथित दलाल उसे हड़प ले रहे है। यदि आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो सीओ, डीसीएलआर, एडीएम से लेकर सिविल कोर्ट तक हर प्रखंड से करीब सौ से अधिक मामले चकबंदी से संबंधित वाद चल रहे थे। इसके पीछे मुख्य वजह है कि चकबंदी से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कर दिया जा रहा है। जिसमें अधिकारियों को समक्ष दिखाया जाता है कि चकबंदी से संबंधित वाद चकबंदी कार्यालय में चल रहा था। जिसका फैसला वर्षों पहले आया था। उस आधार पर जमीन पर दावा कर जमाबंदी अपने नाम पर करा ली जाती है।

हालांकि इसमें कहीं न कहीं अधिकारी या कर्मियों की मिली भगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जब तक इस बात की जानकारी मूल रैयतों को हो रही है और मूल रैयत कार्यालयों का चक्कर लगाते रह जा रहे है। तथाकथित दलालों की इतनी पकड़ होती है कि रैयत को एक-एक कागजात नहीं मिलने देते है। इसी का फायदा उठाकर जमाबंदी अपने पर दिखाकर तथाकथित दलाल धड़ल्ले से जमीन बेचने में लग जाते है। रैयतों के आंखों के सामने उनकी पुस्तैनी जमीन बिक जा रही है और वह कुछ नहीं कर पा रहे है। ताजा मामला सामने आया है जब एक रैयत गणेश चौबे के चकबंदी कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट को दरकिनार कर दिया था और वाद से संबंधित आदेश के आधार पर अपना फैसला सुना दिया था।

**क्या है चकबंदी का मतलब :** चकबंदी के जरिए अलग-अलग जगहों पर बिखरे हुए खेतों को एक ही जगह पर इकट्ठा करना है। किसानों को उनकी कुल जमीन के बराबर एक ही जगह पर खेत दिए जाते हैं। चकबंदी से खेती करने में आसानी होती है और उत्पादन बढ़ता है। बिहार में 70 के दशक में पहली चकबंदी शुरू हुई थी, लेकिन 1992 में इसे बंद कर दिया गया था।

**चकबंदी का खेल :** पूर्व में चकबंदी पदाधिकारी को अंचलाधिकारी के बराबर शक्तियां मिली थी। 1970 से लेकर 1992 के बीच चकबंदी से लेकर कार्य चल रहा था उस समय रैयत अपना चक सही करने के लिए चकबंदी कार्यालय में परिवाददायर किए थे। उस वक्त जो आर्थिक रूप से संपन्न थे या इन बातों को समझ सकते थे उन्होंने ही परिवाददायर किया था। तत्कालीन समय में अधिकत्तर लोग इससे अनभिज्ञ थे आर्थिक रूप से मजबूत भी नहीं थे कि वह प्रखंड और चकबंदी कार्यालय का चक कर लगाकर परिवाददायर कर सके। परंतु वर्तमान समय में अधिकत्तर लोग नौकरी चाकरी वाले है। दूसरे शहरों में रहते है। जब उनके अभिभावक की मौत होती है वह अपनी जमीन के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते है या किसी के जिम्मे छोड़कर जा रहे है। उसी वक्त का फायदा उठाकर जमीन के दलाल चकबंदी से फर्जी दस्तावेज बना ले रहे है।

### किराया के कारण कार्यालय का भवन कई बार बदला गया

फर्जी दस्तावेज बनाने में जमीन के दलालों को इसलिए आसानी हो रही है कि चकबंदी कार्यालय जर्जर हो चुके है। कुछ निजी भवन में चल रहे है। किराया के कारण कार्यालय का भवन कई बार बदला गया है। दस्तावेज फट गए है या चुहा या दीमक चट कर चुके है। उसी समय का चकबंदी से संबंधित फर्जी दस्तावेज खड़ा कर दिया जा रहा है। जिसमें दिखाया जा रहा है कि वर्षों पहले उनके पक्ष में फैसला आ चुका है। उसी आधार पर अंचल कार्यालय में मिली भगत से जमाबंदी मूल रैयत से दूसरे के नाम पर हो जा रही है। उसी जमाबंदी के आधार पर जमीन की बिक्री धड़ल्ले से शुरू हो जा रही है। जब तक मूल रैयत को इसकी जानकारी मिलती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। पीड़ित एसडीओ, डीसीएलआर व एडीएम की कोर्ट में चक्कर लगाते रह जा रहे है। सबसे आश्चर्य की बात है कि जब अधिकारियों के समक्ष दिखाया जाता है कि वर्षों पहले जब चकबंदी के केस का आर्डर है। तब अधिकारी यह नहीं पूछ रहे है कि इतने दिनों तक आप कहा था। अभी यह आदेश कहा से लेकर आए है। यदि मूल रैयत चकबंदी कार्यालय से आरटीआई के माध्यम से उस आदेश के बारे में जानकारी प्राप्त करते है तब यहीं सूचना मिलती है कि इस केस से संबंधित कोई दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। अधिकारी सूचना के अधिकार से मिले रिपोर्ट को भी दरकिनार कर देते हैं।

### ऐसे हुआ खुलासा

विदित हो कि राजपुर थाना क्षेत्र के सैंथू गांव निवासी गणेश चौबे की जमाबंदी को इसी तरह के चकबंदी आदेश के तहत सीओ ने रद्द कर दिया था। पीड़ित ने डीएम से लेकर एडीएम कोर्ट तक का चक्कर लगाया था। अंत में उन्हें एडीएम कोर्ट से राहत मिली थी। उनके नाम पर जमाबंदी पुनः बहाल हुआ था। इसी बीच विरोधी ने कुछ जमीन भी बेच दिया था। इसी बीच सदर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने चकबंदी कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट को दरकिनार कर दिया था। वाद के फैसला के आधार पर अपना निर्णय दे दिया था।

## एक नजर

### कल से सिमरी बाजार में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का चलेगा बुलडोजर



**सिमरी।** प्रखंड मुख्यालय बाजार अतिक्रमण के कारण भारी जाम की समस्या से विगत कई वर्षों से कहार रहा हैं। हालांकि स्थानीय प्रशासन की ओर से अनेक बार सड़क किनारे किये गए अतिक्रमण को हटाया गया। लेकिन पुनः अतिक्रमणकारियों ने उसे कब्जे में लेकर परेशानी का सबब बना देते है, लेकिन अब अंचल कार्यालय की ओर से मुख्यालय बाजार के सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाने वाले के खिलाफ सामत की नोटिस जारी कर दिया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी भगवती शंकर पाण्डेय ने सड़क किनारे अवैध रूप से सरकारी जमीन पर मालिकाना हक दिखाने वाले लोगों को नोटिस देकर 07 जनवरी तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया हैं। अतिक्रमण नोटिस में उल्लेख कि गई है कि यदि निर्धारित तिथि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा सरकारी जमीन स्वतः खाली नहीं कि जाती है तो अंचल प्रशासन के द्वारा सरकारी जमीन के जद में आने वाले दुकान, मकान, रेस्टोरेंट पर बुलडोजर चलाया जायेगा बहरहाल प्रशासन की तरह की इस कार्यवाही से शायद लोगों की तकलीफे कम होने की संभावना है, लेकिन अचानक प्रशासन को इस तरह एक्टिव होना कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री के संभावित यात्रा से जोड़ा जा रहा है।

### धनसोई में खाना बनाते समय सिलिंडर ब्लास्ट, बाल-बाल बची महिलाएं



**बक्सर।** जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में रविवार की देर शाम खाना बनाते समय गैस का सिलिंडर ब्लास्ट हो गया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नही हुआ सभी महिलाएं बाल-बाल बच गई। लेकिन इस घटना में भयंकर आग लग गई। जिसमें घांस-फूंस की झोपड़ीं व अन्य सामान जल गए। हालांकि, सूचना पर पहुंचे अग्निशमक दलों के कड़ी परिश्रम के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धनसोई निवासी गुड्डू साह के घर मे महिलाएं खाना बनाने जा रही है। हालांकि, गैस सिलिंडर लीक हो रहा था। जिसकी महिलाओं ने ध्यान नही दिया गया। और आग जला दी। हालांकि, पहले सिलिंडर को बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन सिलिंडर की आग फैलते-फैलते झोपड़ीं को पकड़ लिया। स्थिति भयावह होते देख महिलाएं बच्चों को लेकर बाहर भाग गई और चिल्लाना शुरू किया। लोग इकठ्ठा हुए लेकिन, आग का विकराल रूप देख ग्रामीणों ने पुलिस व अग्नि शमक दल को सूचित किया। जहा पहुंचे अग्नि शमक दलों के कड़े परिश्रम के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में आग से झोपड़ी जलकर स्वाहा हो गई। वही, अन्य सामानों के जलने का आंकड़ा लगाया जा रहा है।

## नैनीजोर में मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



नैनीजोर थाना क्षेत्र के ढाबी व गजाधर बाबा के डेरा गांव के दियारा इलाके में एक अधेड़ का शव मिला है। रविवार की शाम ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 50 वर्ष के आसपास है।

ग्रामीण सूत्रों की माने तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था तथा पिछले चार-पांच दिनों से ढाबी व गजाधर बाबा के दियारा इलाके में दिखाई पड़ रहा था। आशंका जताई जा रही है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि, पुलिस अभी उसके मौत 3के कारणों पर कुछ नहीं बता पा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से जिला शीतलहर की चपेट में है, ऐसे में ठंड लगने से उसकी मौत होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। नैनीजोर थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और पहचान का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है कि उसकी मौत कैसे हुई है।

## छतनवार में उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम पर हमला: कई पुलिस जवान जख्मी, ग्रामीणों ने पुलिस वाहन भी तोड़ा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

इस वक्त की एक बड़ी खबर कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव से आ रही है, जहां ग्रामीणों ने छापेमारी करने आई यूपी पुलिस की टीम पर हमला कर दिया है। ग्रामीणों के इस हमले में यूपी पुलिस के पदाधिकारी व जवान जख्मी हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।

घटना रविवार देर शाम की है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच तथा आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि छापेमारी से पहले यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी थी। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम यूपी पुलिस छतनवार गांव के कुख्यात बाइक चोर अपराधी धर्मराज यादव और टीनिल यादव के घर छापेमारी करने आई थी। यूपी पुलिस ने छापेमारी से पहले इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी थी। जैसे पुलिस टीम ने छापेमारी शुरू किया, उसके परिजनों समेत कुछ ग्रामीणों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एक पुलिस पदाधिकारी राजू राय के हाथ में गंभीर चोट की बात बताई जा रही है। वहीं कुछ सिपाहियों को भी चोटे आई है, जबकि पुलिस वाहन का शीशा टूट गया है। डुमरांव सीडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल आरोपित फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, घायल जमीदार का इलाज चल रहा है।

## मशाल प्रतियोगिता, नया भोजपुर उर्दू मध्य विद्यालय में आयोजित हुआ बैटरी टेस्ट

# चयनित छात्रों का प्रतियोगिता के लिए कराया जाएगा रजिस्ट्रेशन

- विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों का लिया गया ट्रायल, ओलंपिक मेडल लाना है उदेश्य

**केटी न्यूज/डुमरांव**



जिले में आयोजित मशाल खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज उर्दू मध्य विद्यालय नया भोजपुर में प्रधानाध्यापक अब्दुल बारी अंसारी के नेतृत्व में बैटरी टेस्ट का सफल आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक और कंप्यूटर जानकार शिक्षक के नेतृत्व में कबड्डी, एथलेटिक्स, साइकिलिंग, वालीबॉल, क्रिकेट बॉल थ्रो आदि का ट्रायल लिया गया। बैटरी टेस्ट के लिए वर्ग 5 से वर्ग 8 के विद्यार्थियों को शामिल किया गया था।

जिला से मशाल प्रतियोगिता में सहयोगी शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि भी इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल रहे। डॉ. मनीष ने बताया कि राज्य सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा आगामी ओलंपिक प्रतियोगिता में अधिक से अधिक मेडल लाने के लिए खिलाड़ियों को तराश रही है। इसी उदेश्य से मशाल प्रतियोगिता का आयोजन सभी स्कूलों में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चयनित छात्रों का रजिस्ट्रेशन इस प्रतियोगिता के लिए कराया जाएगा। छात्रों को विद्यालय स्तर से लेकर जिला स्तर तक कई बार खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ट्रायल लिया जाएगा तथा अंत में उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मशाल प्रतियोगिता के तहत पांच विधाओं में खिलाड़ियों के खेल कौशल व दमखम का परीक्षण किया जा रहा है, ताकी ओलंपिक प्रतियोगिता में ये छात्र मेडल ला सकें।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच काफी उत्साह, उमंग और जोश का वातावरण देखा गया। बता दें कि 28 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच पंजीयन और बैटरी टेस्ट विद्यालय प्रशासन को कराना है। जबकि 7 से 9 जनवरी 25 के बीच इस प्रतियोगिता को विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित करना है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा मोहम्मद शारिक अशरफ ने बताया कि मशाल प्रतियोगिता विद्यालयों में ऑफलाइन मोड में अंडर 14 और 16 के अंतर्गत आयोजित करना है। विद्यालय प्रशासन द्वारा पूरी रिर्पोटिंग ऑनलाइन मोड में 9 जनवरी के पहले निश्चित रूप से हो जाना है।

मौके पर प्रधानाध्यापक के अलावे मो. नैमुल्ला, मो. यूसुफ कुरेशी, मो. असलम, मो. वजीर खान, कमर सुभाना कुरैशी, अफसाना खातून, कार्मेल पीटर, अफरोज, नोडल शिक्षक वजीर खान, कंप्यूटर जानकार शिक्षक शम्स अफरोज, जुबैर आलम, इत्यादि उपस्थित थे।






# किला मैदान से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का होगा लाइव स्ट्रीमिंग, सभी व्यवस्था करें पूरी: डीएम

- गणतंत्र दिवस की तैयारियों को ले डीएम-एसपी ने किया संयुक्त बैठक
- सभी मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के द्वारा संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए समाहरणालय सभाकक्ष बक्सर में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालय में झंत्डोत्तोलन का स्थल निर्धारित करते हुए ससमय झंत्डोत्तोलन कराएंगे एवं इसके लिए एक कर्मी को प्राधिकृत करेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति किला मैदान बक्सर में झंत्डोत्तोलन एवं गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंच स्थल पर झंत्डोत्तोलन के लिए आवश्यक तैयारी की जिम्मेवारी पुलिस केंद्र बक्सर को दी गई। डीएम ने जिला जन संपर्क पदाधिकारी को निर्देशित किया कि नजारत उप समाहर्ता बक्सर से समन्वय स्थापित कर किला मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग कराने की सभी व्यवस्था करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तुत किए जाने वाले झांकियों की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी विभागों से जानकारी प्राप्त की।

### महादलित टोलों की सूची उपलब्ध कराएं

डीएम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा महादलित टोले में झंडतोलन किया जाएगा। इसके लिए जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि महादलित टोला एवं संबंधित विकास मित्र की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिला अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले आमजनों, कर्मियों, पदाधिकारियों को किला मैदान में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा बक्सर को निर्देश दिया गया कि सभी विभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की सूची प्राप्त करेंगे।

**डीडीसी तय करेंगे किला मैदान में निकलने वाली झांकी :** उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल को निर्देशित किया गया कि प्रस्तुत किए जाने वाले झांकियों का चयन एवं प्रस्तुतीकरण की तैयारियों का अनुश्रवण करेंगे। वहीं, जिलाधिकारी ने एनएसएस व एनसीसी स्काउट गाइड एवं अन्य प्लाटून को परेड में सम्मिलित कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि परेड में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस व स्काउट के वोलंटियर के अलावे विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इसकी जिम्मेवारी शिक्षा विभाग की होगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने परेड संचालन, प्लाटून एवं अन्य तैयारियों के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।

**ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि कराना सुनिश्चित करें :** सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर निकाय बक्सर जिला को निर्देश दिया गया कि 26 जनवरी के पूर्व सभी मार्गों की साफ-सफाई के साथ चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गणतंत्र दिवस के पूर्व मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, प्रतिमा स्थलों पर साफ सफाई, तिरंगा लाइटों, देशभक्ति गीत के प्रबंध हेतु तैयारिया करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया गया कि किला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मद्देनजर सभी मुख्य मार्गों, चौक चौराहा एवं कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), एसडीएम डुमरांव, एसडीपीओ सदर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात थाना, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा बक्सर, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## नासूर बना जतकुटवा बस्ती के पास लगा मोटर पंप, फटे पाइप से मुख्य पथ जलमग्न

# पीएचईडी की लापरवाही: हर दिन बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पेयजल, जर्जर हो चुकी है सड़क

- वार्ड 18 के अंतर्गत आता है जतकुटवा बस्ती, बस्ती वालों का घर से निकलना हुआ मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 18 में सात निश्चय योजना के तहत पीएचईडी विभाग द्वारा बनवाया गया जलमीनार जलापूर्ति के बदले लोगों के परेशानी का सबव बन गया है। जलापूर्ति के लिए बिछाए गए पाइप के फटने से हर समय मुख्य पथ पर जलजमाव बना रहता है। आलम यह है कि अब इस पानी से जतकुटवा बस्ती के आधा दर्जन से अधिक घर घिर चुके है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इस कारण बस्ती वालों में इस व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश है।

वहीं, मुख्य पथ पर पानी जमा रहने से कुछ माह पूर्व बनी यह सड़क भी जर्जर हो गड्ढें में तब्दील होने लगी है। जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। इस जगह पर जलजमाव, कीचड़ व गड्ढें के कारण हर दिन बाइक चालक फिसलकर गिर रहे है। बस्ती वालों का कहना है कि पिछले एक पखवाड़े से यह स्थिति बनी हुई है। जिससे जीवन नारकीय बन गया है।

**सिर्फ गड्ढा खोद उसे यूं ही छोड़ का भागे मिस्त्री :** बस्ती वालों ने बताया कि इसकी शिकायत नगर परिषद प्रशासन से की गई है। तीन दिन पूर्व मरम्मत के लिए मिस्त्री आए थे, लेकिन वे सिर्फ गड्ढा खोद उसे यूं ही छोड़ दिए है। जिससे जलजमाव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। बस्ती के सुदर्शन गुर्जर ने बताया कि इसका पाइप काफी जर्जर है तथा हर कुछ दिन के बाद पाइप फट जाता है, जिससे जलजमाव की समस्या गंभीर हो जाती है। राजेश गुर्जर का कहना है कि इस भीषण ठंड के मौसम में घर के बाहर जलजमाव से बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है। जबकि स्थानीय निवासी संटू मित्रा, मंटू सिंह, सुरेन्द्र पाल, सरीखे लोगों का कहना है कि पीएचईडी की लापरवाही से हर दिन हजारों लीटर पेयजल सड़क पर गिर बर्बाद हो रहा है तथा इससे सरकार की महत्वपूर्ण जल जीवन हरियाली योजना पर भी बट्टा लग रहा है। बता दें कि राज्य सरकार एक तरफ जल जीवन हरियाली योजना के तहत जल संरक्षण की कवायदे कर रही है तो दूसरी तरफ डुमरांव में नगर पीएचईडी की लापरवाही से हर दिन हजारों लीटर पानी जमीन पर गिर बर्बाद हो रहा है तथा इससे सड़क भी जर्जर हो रही है। जिस कारण लोगों में गहरा आक्रोश है।

**मरम्मत भी नहीं कराता है पीएचईडी :** स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां हर कुछ समय के बाद पाइप फटता है, लेकिन पीएचईडी विभाग कभी इसकी मरम्मत भी नहीं कराता है, बल्कि शिकायत करने पर नगर परिषद प्रशासन ही इसका मरम्मत कराता है। जबकि पीएचईडी द्वारा इसे नगर परिषद को हैंड ओवर भी नहीं किया गया है। जिससे मरम्मत की जिम्मेवारी पीएचईडी की है।

**जलपुत्र ने जताई नाराजगी :** जलपुत्र के नाम से विख्यात व नगर परिषद के स्वच्छता व जल जीवन हरियाली योजना के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए अजय राय ने भी इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पेयजल का हर बुंद अनमोल है। फटे पाइप के कारण कई दिनों से यहां पेयजल बर्बाद हो रहा है, यह गंभीर मामला है। संबंधित विभाग को इसे शीघ्र संज्ञान में ले पाइप को बदलना चाहिए। अजय ने कहा कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल से की जाएगी।

### घटिया सामग्री इस्तेमाल की हो रही है शिकायत

स्थानीय निवासिययों का कहना है कि सात निश्चय योजना के तहत इस इस जलग पर मोटर पंप पीएचईडी विभाग द्वारा बनवाया गया था, लेकिन पंप के शुरू होते ही कुछ दिनों के बाद से ही जलापूर्ति वाले पाइप फटने लगे। जिससे जलजमाव की समस्या गंभीर होने लगी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जलापूर्ति के लिए बिछाए गए पाइप मानक के अनुरूप नहीं थे, जिस कारण पाइप बिछाने के साथ ही फटना शुरू हो गए थे। जिस कारण कुछ दिनों के बाद इस पंप से जलापूर्ति के दायरे को घटना सिर्फ जतकुटवा बस्ती तक ही सीमित कर दिया गया। जबकि पहले इस पंप से कमल नगर कॉलोनी व स्टेशन रोड में मंदिर के आस पास तक जलापूर्ति होती थी, लेकिन लगातार पाइप फटने की शिकायत के बाद विभाग द्वारा पाइप बदलने की बाजए इसका दायरा ही सिमटा दिया गया, बावजूद समस्या से निजात नहीं मिल सका।

### नगर परिषद को हैंड ओवर नहीं किया गया

"पीएचईडी द्वारा अभी इसे नगर परिषद को हैंड ओवर नहीं किया गया है। बावजूद कई बार नगर परिषद अपने संसाधन से इसकी मरम्मत कराते रहता है। जल्दी ही इसका मरम्मत कराया जाएगा। - मनीष कुमार, ईओ, नप, डुमरांव

## एक नजर

### महर्षि श्याम सुन्दर दास स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन



**चक्की।** लक्ष्मण डेरा के महर्षि श्याम सुन्दर दास स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का समापन रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। फाइनल मैच में बलिया टीम और सोन हरदेव इंटरनेशनल स्कूल, चक्की के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। बलिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 130 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में सोन हरदेव इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन 128 रन पर सिमट गई और बलिया टीम ने तीन रन से यह मुकाबला जीत लिया। मैच के मुख्य अतिथि बक्सर सांसद सुधाकर सिंह और ब्रह्मपुर विधायक शंभू नाथ यादव ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्टेडियम में लाइट और सड़क निर्माण का आश्वासन देते हुए राज्य सरकार की नीतियों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और गंभीरता की जरूरत है। टूनामेंट में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बलिया टीम के दिनेश सिपाही को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ह्यमैन ऑफ द सीरीजह्ण चुना गया, जबकि ह्यमैन ऑफ द मैचह्ण का खिताब सोन हरदेव इंटरनेशनल स्कूल के सत्येंद्र यादव को मिला। टूनामेंट 12 ओवरों का था और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में उपस्थित रहे। क्रिकेट आयोजन समिति के सदस्य पवन कुमार पासवान और मणिकांत यादव ने बताया कि हर साल इसी तरह के टूनामेंट का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस टूनामेंट का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना है। आयोजन समिति के अन्य सदस्यों में उमेश, उमाशंकर, प्रमोद, अनीश, जितेंद्र, शेखर, दीपक, सुनील, राकेश, बाघ यादव, संजय, राहुल, सोनू और अजय का विशेष योगदान रहा।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों के लिए एलुमनी मीट का आयोजन

**नावानगर।** रविवार को नावानगर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में यहां पढ़ चुके पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का एलुमनी मीट समारोह पूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से पास कर चुके छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन की तरफ से आमंत्रित किया गया था। इस विद्यालय से पास हो चुके सभी छात्र-छात्राएं अपनी पुरानी यादों को एक बार फिर से जीने के लिए सुबह से ही पहुंचने लगे थे। उनके पहुंचने के पश्चात उनके जलपान का प्रबंध किया गया था। इसके तत्पश्चात एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य ने सब खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर विधिवत रूप से किया। दोपहर के समय सभी छात्र-छात्राओं ने भोजन ग्रहण किया। शाम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मिलन समारोह आयोजित किया गया।

## 26 जनवरी की परेड में शामिल होंगे बक्सर से अभिराम व डुमरांव से अजय राय समेत तीन युवा

- सामाजिक मसलों के साथ जल व पर्यावरण संरक्षण की कवायदों सहित सामाजिक कार्यो के लिए किया गया है चयन

**केटी न्यूज/डुमरांव**





इस बार 26 जनवरी को दिल्ली के लालकिले पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए जिले के तीन होनहार युवाओं को आमंत्रण पत्र मिला है। केन्द्र सरकार द्वारा इनके बेहतर सामाजिक कार्यों से प्रभावित हो गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित सदस्य के तौर पर चयनित किया गया है। जिला गंगा समिति के अध्यक्ष सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने इस संबंध में तीनों चयनित युवाओं को पत्र भेज इसकी जानकारी दी है।

चयनित होने वाले युवाओं में जलपुत्र के नाम से विख्यात अजय राय, बक्सर के अविराम सुंदर व अहिरौली के विकास कुमार चौबे शामिल है। इनमें अविराम सुंदर को लोकसभा चुनाव के दौरान ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था, जबकि अजय राय को डुमरांव नगर परिषद ने स्वच्छता व जल जीवन हरियाली योजना का ब्रांड एंबेसडर बनाया है, वही विकास कुमार चौबे भी पिछले छह-सात सालों से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े है।

अजय ने इस संबंध में बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का मौका मिलना उनके लिए गर्व की बात है। बता दें कि अजय लंबे समय से डुमरांव में जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े है। इसके अलावे वे पूर्व में दलित बस्ती के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने काम भी करते थे। अजय ने बताया कि पर्यावरण व जल संरक्षण उनकी फितरत है। वे युवाओं को जल व पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित भी करते है। उनके गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का आमंत्रण मिलने से डुमरांव के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## डुमरांव में मनाई गई पूर्व महाराज की पूण्यतिथि, बोले युवराज...

# डुमरांव में औद्योगिक इकाईयों व शिक्षण केन्द्रों के जनक थे स्व. महाराजा बाहादूर कमल सिंह

- वक्ताओं ने महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



महाराजा बहादूर कमल सिंह डुमरांव में औद्योगिक इकाईयों के जनक थे, उन्होंने अपने जीवन काल में जन कल्याण के उदेश्य से कई स्कूलों व अस्पतालों का निर्माण करवाया था। आज भी उनके समय के बनवाए गए स्कूल व अस्पताल मौजूद है। उक्त बातें राज परिवार के चंद्रविजय सिंह ने रविवार को राज अस्पताल परिसर में कही। अवसर था स्व. महाराजा बहादूर के पूण्यतिथि समारोह का।

राज अस्पताल में प्रथम लोक सभा के सदस्य रहे व डुमरांव रियासत के महाराजा स्व. कमल सिंह की पूण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रविजय सिंह ने किया। इस दौरान उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

पूण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए राज परिवार के शिवांग विजय सिंह ने कहा कि उनके दादा आजीवन जन कल्याण के कार्यों से जुड़े रहे। उनका एक विजन था, विकसित व समृद्ध डुमरांव बनाने का। इस उदेश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने डुमरांव में सूत मिल की नींव रखी थी, जो सूबे बिहार का पहला टेक्सटाईल इंडस्ट्रीज था। इसके अलावे उन्होने कोल्ड स्टोरेज सहित कई छोटे बड़े उद्योगों की स्थापना कर हजारों लोगों को रोजगार दिए थे। महाराजा ने डुमरांव के अलावे बक्सर, आरा सहित कई अन्य जगहों पर भी शैक्षणिक संस्थानों के लिए जमीन दान किये थे।

वहीं, नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने कहा कि महाराजा बहादूर स्व. कमल सिंह एक कुशल प्रशासक, नेक दिल इंसान, विकास की सोंच रखने वाले तथा सबसे बढ़कर डुमरांव के अभिभावक थे। वे हमेशा लोगों को अच्छा करने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से जो क्षति पहुंची थी, उसकी भारपाई आजतक नहीं हो पाई है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू पांडेय, राजन तिवारी, अजगैबी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



